हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 19 फरवरी 2026

[ गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली ]



04 बारिश की संभावना ने बढ़ाई किसानों की चिंता...



05 कॉलेज के विद्यार्थियों ने लहराया अपनी प्रतिभा का...




## खबर संक्षेप

### सिंचाई परियोजनाओं को प्रेशराइज्ड पाइप से जोड़ने की मांग

**विदिशा।** विधानसभा में ध्यानाकर्षण के दौरान शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने सगड़ और संजय सागर सिंचाई परियोजनाओं को प्रेशराइज्ड पाइपलाइन प्रणाली में परिवर्तित करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के सिंचाई सुविधा से वंचित गांवों को लाभ मिलेगा और करीब 17 हजार हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि सिंचित हो सकेगी। इस पर मंत्री तुलसीराम सिलावट ने प्रस्ताव का परीक्षण कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। किसानों ने पहल का स्वागत करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा जताई है, जिससे कृषि उत्पादन और जल प्रबंधन दोनों को मजबूती मिलेगी।

### 22 को क्षत्रिय खंगार समाज की बैठक होगी

**विदिशा।** क्षत्रिय खंगार समाज विकास सेवा संघ की रविवार को दोपहर 12 बजे क्षत्रिय खंगार समाज धर्मशाला प्रांगण में होगी। बैठक में जिला अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष तथा धर्मशाला समिति के गठन पर निर्णय लिया जाएगा। समाज के बासौदा, सिरोंज, कुरवाई, गुलाबगंज, पीपलखेड़ा, करारिया चौराह और लटेरी सहित आसपास क्षेत्रों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### सीपीआर प्रशिक्षण से युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश

**विदिशा।** एसएटीआई के साइबर सिक्योरिटी एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स विभाग द्वारा स्मार्ट क्लासरूम में सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेड़कर एवं एसडीएम क्षितिज शर्मा रहे, जबकि विशेष अतिथियों में डॉ. सचिन गर्ग, संदीप उदयवाल और संस्थान के निदेशक डॉ. वाई.के. जैन उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. शिल्पा दातार के मार्गदर्शन तथा प्रो. दीपक सेन और प्रो. अनुशा लाहोटी के समन्वयन में आयोजित कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज, विदिशा के विशेषज्ञ डॉ. सौरभ जैन और उनकी टीम ने सीपीआर की सही विधि का व्यावहारिक प्रदर्शन किया।

### तीर्थ यात्रियों का जत्था हरी झंडी दिखाकर रवाना

**विदिशा।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत आज तीर्थ यात्रियों के जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा तथा जनपद पंचायत अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल है, जिसके माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों और श्रद्धालुओं को निःशुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर मिल रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### जेल में बंदियों को दिया आत्म परिवर्तन का संदेश

**विदिशा।** संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागरजी महामुनिराज के द्वितीय समाधि दिवस पर मुनि सम्भवसागर महाराज ससंघ जिला जेल पहुंचे और लगभग 260 बंदियों को जीवन सुधार व आत्मपरिवर्तन का मार्ग बताया। मुनि निस्सीम सागर और मुनि संस्कार सागर भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि जीवन में भूल मनुष्य से ही होती है पर सुधार की क्षमता भी उसी में है। क्रिकेट के उदाहरण से उन्होंने समझाया कि संयम और धैर्य रखने वाला व्यक्ति ही जीवन में सफल होता है। बंदियों से जेल प्रवास को दूसरी पारी मानकर अच्छे विचार अपनाने का आह्वान किया गया।

## बजट में मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना में 11 नगरीय व 8 ग्रामीण सड़कों को स्वीकृति

# बजटः 25.42 करोड़ से शहर की सड़कें, 34.89 करोड़ से ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें होंगी मजबूत

***मप्र के बजट में विदिशा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए करोड़ों रुपए की सड़कों की सौगात दी गई है। शहर क्षेत्र में जहां शहर की प्रमुख सड़कों के निर्माण के साथ स्ट्रीट लाइट भी लगाई जाएगी वहीं गांवों को शहर से जोड़ने वाली प्रमुख सड़कों का निर्माण होगा। जिससे ग्रामीणों को विदिशा शहर से जुड़ने में आसानी होगी और अच्छी सड़कें मिल सकेंगी।***

**वित्तीय वर्ष 2026-27 के पीडब्ल्यूडी बजट में विदिशा विधानसभा क्षेत्र की 8 ग्रामीण सड़कों को भी स्वीकृति प्रदान की गई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के अंतर्गत विदिशा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए मप्र शासन के लोक निर्माण विभाग के बजट में शहर की 11 प्रमुख सड़कों के निर्माण व विद्युतीकरण के लिए 25.42 करोड़ करोड़ रुपए तथा ग्रामीण क्षेत्र की आठ प्रमुख सड़कों के लिए 34.89 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत शहर में रामलीला तिराहा से गल्ला मंडी आरओबी तक, सरस्वती स्कूल से



काला पाठा रोड, सिंहवाहिनी मंदिर से हरिपुरा विश्रामगृह, खाटूश्याम मंदिर से बंटीनगर बायपास, राजीव गांधी आवास से सौराई बायपास सहित विभिन्न वार्डों की सड़कों का सीसी रोड निर्माण एवं स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा जतरापुरा, रायपुरा, बंटीनगर, गोशाला तिराह तथा वर्षाना स्कूल क्षेत्र की आंतरिक सड़कों का भी उन्नयन किया जाएगा। इन सभी 11 कार्यों पर कुल 25.42 करोड़ रुपए व्यय होंगे, जिससे शहर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षित यातायात और सुगम आवागमन सुनिश्चित होगा। वित्तीय वर्ष 2026-27 के पीडब्ल्यूडी बजट में विदिशा विधानसभा क्षेत्र की 8 ग्रामीण सड़कों को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

**इन सड़कों को बनाएगा पीडब्लूडी विभाग:** भोपाल सागर मार्ग पुराना एनएच 146 विदिशा सिटी में लागत 1.20 करोड़, नौलास लखूली दरगवां तिलक मार्ग 19 .40 किमी लागत 15 .52 करोड़, देवखजूरी गुलाबगंज मार्ग 2 किमी 1.40 करोड़, दुर्गानगर सरस्वती स्कूल से गुरारिया चिढोरिया भोंरिया मार्ग 6 .59 किमी 4 .61 करोड़, टीलाखेड़ी से गेहूंखेड़ी मार्ग 1.80 किमी लागत 1.20 करोड़, छीरखेड़ा से नीमखेड़ा मार्ग 4 किमी लागत 2 .80 करोड़, ग्राम झिरनिया सुल्तानपुर रोडा से बनियाखेड़ी मार्ग 5 .80 किमी लागत 4 .64 करोड़, मदनखेड़ी से घुड़ियाखेड़ी भोंरिया रोड से पठारी हवेली वाय परसौरा हवली मार्ग 3 .52 करोड़।

### लंबे समय से था सड़कों की स्वीकृति का इंतजार

विधायक मुकेश टंडन और नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने बताया कि यह स्वीकृति लंबे समय से लंबित मांगों की पूर्ति है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकास के संकल्प के साथ लगातार अधोसंरचना को मजबूत कर रही है, जिससे विदिशा जिले के नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। जनप्रतिनिधियों ने विश्वास व्यक्त किया कि स्वीकृत परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन से शहर और ग्रामीण क्षेत्र दोनों में विकास की नई तस्वीर दिखाई देगी तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।





### यह वास्तव में 'ठग बजट' साबित हुआ है



सरकार द्वारा विधानसभा में जो बजट पेश किया है वह वास्तव में 'ठग बजट' साबित हुआ है। किसानों पर लाखों का कर्ज़ है और वह इससे कैसे निपटेंगे सरकार ने यह बताया। युवाओं को रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा, महंगाई पर कोई बात नहीं की गई। **मोहित रघुवंशी**, जिलाध्यक्ष कांग्रेस

### स्ट्रीट लाइट के साथ बनेंगी सड़कें

- रामलीला तिराह, जतरापुरा चौराह से गल्ला मंडी आरओबी तक सीसी सड़क।
- सरस्वती स्कूल से कालापाठा रोड तक ससीसी रोड का निर्माण।
- सिंहवाहिनी मंदिर से पीएनवी बैंक हरिपुरा स्थित विश्रामग्रह तक सीसी निर्माण।
- खाटूश्याम मंदिर से धाकड़ टाइल्स तक विनायक तिराह से बंटीनगर बायपास तक सीसी रोड का निर्माण।
- राजीव गांधी आवास से सौराई बायपास तक सीसी सड़क।
- शासकीय विद्यालय जतरापुरा से मां अस्पताल के वार्ड 2 और 3 तक सड़क निर्माण।
- रायपुरा स्कूल से रायसेन गेट बड़ा बाजार तक सीसी सड़क।
- बंटीनगर चौराह से अंडरब्रिज होते हुए मंडी गेट तक सीसी रोड का निर्माण।
- वार्ड 10 स्थित रायपुरा कालोनी से सीसी रोड का निर्माण।
- वार्ड 10 में रूद्र फिटनेस से गोशाला तिराह तक सीसी रोड का निर्माण।
- वार्ड 32 में सागर पुलिया से वर्षाना स्कूल तक स्ट्रीट लाइट सहित सीसी रोड का निर्माण।

### ऐतिहासिक बजट से विकास को नई गति



बजट में गरीब कल्याण, रोजगार, कौशल, सिंचाई, कृषि अधोसंरचना, महिला सशक्तिकरण तथा सड़क, बिजली, पानी और उद्योग निवेश के व्यापक प्रावधान शामिल हैं। यह पहल प्रदेश की 8 करोड़ जनता के भविष्य का मजबूत आधार बनेगी। **उमाकांत** शर्मा, विधायक सिरोंज

### यह रुटीन बजट है



बजट को सिर्फ घोषणाओं वाला ही कहा जाएगा। भावांतर में प्रावधान किसान हितैशी नहीं है। किसानों को भावांतर की जगह समर्थन मूल्य दिया जाना चाहिए। सिंचाई का रकबा बढ़ाने की बात बेमानी है। प्रस्तुत रिपोर्ट में 29% दलहन का उत्पादन कम हुआ है। रोजगार को बढ़ाने लघु और मध्यम उद्योगों में 50 हजार करोड़ का प्रावधान होना चाहिए था। **प्रतापभानू शर्मा**, पूर्व सांसद विदिशा।

### किसान हितों पर केंद्रित



बजट विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने वाला है। इसमें किसान कल्याण हेतु 31,759 करोड़, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति के लिए 1,863 करोड़, पशुपालन-डेयरी के लिए 2,365 करोड़, सहकारिता के लिए 1,679 करोड़, उद्यानिकी-खाद्य प्रसंस्करण के लिए 772 करोड़ तथा मत्स्य विभाग के लिए 413 करोड़ रुपए प्रावधानित हैं, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देंगे। **महाराज सिंह दांगी**, जिलाध्यक्ष

## गल्ला मोहनगिरी में हुई चोरी का खुलासा, पुलिस ने दो आरोपी गिरफ्तार किए 1.5 लाख का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विदिशा। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लाई पुलिस।

गल्ला मंडी गेट मोहनगिरी क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात का कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग डेढ़ लाख रुपये का माल भी बरामद किया है। घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज का परीक्षण, तकनीकी विश्लेषण, संदिग्धों से पूछताछ पूछताछ की गई। मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। 12 फरवरी को फरियादी कल्लू पिता नंद किशोर कुशवाह निवासी मोहनगिरी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोरों ने दिन के समय सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने कृष्णपाल सिंह राजपूत (31) और विजय राजपूत (22), निवासी ग्राम रामसिया जिला रायसेन को गिरफ्तार किया। इनके पास से सोने जैसी चैन, तीन जोड़ी बिछुड़ी, तीन चांदी की अंगूठियां, छह चांदी की पायल, एक रियलमी मोबाइल फोन और एक स्प्लेंडर बाइक बरामद हुई। विदिशा पुलिस ने नागरिकों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या डायल-112 पर देने की अपील की है, ताकि अपराध नियंत्रण में जनसहयोग सुनिश्चित हो सके।

## जिपं का निर्णयः 23 इंजीनियरों की अवैध नियुक्ति निरस्त, अस्पताल-शिक्षा विभाग की जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विदिशा। बैठक के दौरान जिपं सीईओ को निर्देश देते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष।

जिला पंचायत कार्यालय में जिपं अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक हुई। बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा के साथ प्रशासनिक अनियमितताओं पर सख्त रुख अपनाया गया।

अशासकीय अस्पतालों की स्थिति पर चर्चा के दौरान अध्यक्ष ने सीएमएचओ डॉक्टर रामहित कुमार से एनओसी और ऑडिट रिपोर्ट की जानकारी मांगी। केवल 24 पैथोलॉजी और 35 निजी अस्पताल पंजीकृत होने तथा कई मामलों में जानकारी अधूरी मिली। जिला पंचायत सदस्य पंकज एलिया ने शिक्षा विभाग को मिली राशि के सदुपयोग पर सवाल उठाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए बैठक में जांच कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों की अनुपस्थिति पर अध्यक्ष और सदस्यों ने रोष व्यक्त किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए गए कि भविष्य में अनुपस्थित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए कमिश्नर को प्रतिवेदन भेजा जाए। तथा वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त प्रतिलिपियां अध्यक्ष कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए।

### अवैध नियुक्तियों का मुद्दा उठाया गया

विशेष ध्यानाकर्षण के तहत 18 उप यंत्रियों और 5 सहायक यंत्रियों की नियुक्तियों का मुद्दा उठाया गया। नियम विरुद्ध पाए जाने पर सदन ने सर्वसम्मति से सभी 23 नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का संकल्प पारित किया। इस निर्णय को प्रशासनिक पारदर्शिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## एसएटीआई कॉलेज में 23वीं राज्यस्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एसएटीआई के खेल मैदान पर 23वीं राज्य स्तरीय इंटर इंजीनियरिंग श्रीमंत माधवराव सिंधिया मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि एसपी रोहित काशवानी ने कहा कि खेल में जीत से अधिक अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित किया। संस्था निदेशक डॉ. वायके जैन ने खिलाड़ियों से खेल भावना बनाए रखने का आह्वान किया। सोसायटी सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेड़कर ने बताया कि सिंधिया की क्रिकेट के प्रति गहरी रुचि ने उन्हें बीसीसीआई के शीर्ष पद तक पहुंचाया और ग्वालियर में सिंधिया गोल्ड कप की शुरुआत कराई। आयोजन समिति के अनुसार प्रदेशभर के लगभग 16 इंजीनियरिंग कॉलेजों की टीमें भाग ले रही हैं।

## 6 महीने से बंद पड़ा स्कूल का कंप्यूटर लैब

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

नोलास संकुल केंद्र अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बरखेड़ा गंभीर में डिजिटल शिक्षा की हकीकत चौंकाने वाली सामने आई है। लाखों खर्च कर बनाई गई कंप्यूटर लैब पिछले करीब 6 महीनों से बंद पड़ी है, जबकि लैब शिक्षक का वेतन नियमित रूप से जारी हो रहा है।

स्कूल में कंप्यूटर कक्ष तो मौजूद है, लेकिन उपकरण या तो खराब पड़े हैं या उपयोग में नहीं लाए जा रहे। इंटरनेट कनेक्टिविटी और नियमित रखरखाव के अभाव में विद्यार्थियों को बुनियादी कंप्यूटर शिक्षा से वंचित रहना पड़ रहा है।

### छात्रों को नहीं जानकारी

कक्षा 9 की छात्रा अंशिका धाकड़ और छात्र प्रवीण गौड़ ने बताया कि लगभग 6 महीने से कंप्यूटर की कक्षाएं संचालित नहीं हुई हैं। जब विद्यार्थियों से कंप्यूटर के बेसिक ज्ञान के बारे में पूछा गया तो एक भी छात्र सामान्य जानकारी नहीं दे सका। इससे स्पष्ट है कि लैब केवल कागजों में चल रही है, हकीकत में नहीं। लैब का पूरा सामान कमरे में बंद है और बच्चों को व्यावहारिक प्रशिक्षण बिल्कुल नहीं मिल पा रहा। इस संबंध में स्कूल की प्राचार्य जयश्री सवाई से बात की गई तो उन्होंने बताया कि स्कूल में कक्षाओं के मेंटेनेंस का कार्य चल रहा है, जिस कारण लैब संचालित नहीं हो पा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि लैब शिक्षक प्रतिदिन विद्यालय आ रहे हैं।

- शासन की मंशा के अनुरूप नहीं की गई हैं व्यवस्थाएं।

## लर्निंग लाइसेंस शिविर में 695 को मिला लाभ

**विदिशा।** संकल्प से समाधान अभियान एवं सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिले के विभिन्न कॉलेजों में लर्निंग लाइसेंस शिविर लगाया गया। जिनमें कुल 695 विद्यार्थियों ने भाग लेकर प्रक्रिया पूर्ण की। डीटीओ गिरिजेश वर्मा ने बताया कि कॉलेज से समन्वय कर पूर्व सूचना के आधार पर निर्धारित तिथियों में शिविर लगाए गए। शिविरों में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देने के साथ लर्निंग लाइसेंस की ऑनलाइन आवेदन एवं परीक्षा प्रक्रिया समझाई गई। आवेदकों ने कंप्यूटर या मोबाइल के माध्यम से आवेदन कर ऑनलाइन परीक्षा दी, जिसमें सफल होने पर लाइसेंस जारी किया गया। शासकीय आदर्श महाविद्यालय जाफरखेड़ी, पीएम एक्सीलेंस कॉलेज, आरबीएस कॉलेज सहित जिले के कई महाविद्यालयों में उत्साहपूर्वक सहभागिता रही। अधिकारियों ने बताया कि पहल का उद्देश्य युवाओं को वैधानिक ड्राइविंग के लिए प्रेरित करना और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना है।

### सुरक्षित प्रैक्टिस, नैतिक देखभाल और मजबूत सुरक्षा पर संगोष्ठी

# चिकित्सकों को कानूनी जागरूकता का संदेश दिया

**कानूनों और गाइडलाइंस से अपडेट रहने पर बल दिया।**


हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा




मेडिकोलीगल प्रोटेक्शन दिवस के अवसर पर मेडिकल कॉलेज के शिशु विभाग के सेमिनार हॉल में आयोजित संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने चिकित्सकों को कानूनी सुरक्षा, नैतिक प्रथाओं और जागरूकता के महत्व पर जानकारी दी। कार्यक्रम में बताया गया कि बेवजह मुकदमेबाजी से बचाव, अधिकारों की समझ और सुरक्षित चिकित्सकीय कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य डॉ. विवेक चौकसे ने कहा कि डॉक्टरों को अपने अधिकारों-कर्तव्यों के साथ-साथ प्रैक्टिस से जुड़े कानूनों, नियमों और विस्तृत मेडिकल रिकॉर्ड संधारण की जानकारी होना आवश्यक है।

किसी भी उपचार से पूर्व मरीज की सूचित सहमति लेना और जोखिम-फायदे स्पष्ट करना मेडिकोलीगल सुरक्षा का आधार है। कार्यक्रम में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीति अग्रवाल ने नए कानूनों और गाइडलाइंस से अपडेट रहने पर बल दिया, वहीं अन्य विशेषज्ञों ने मरीज-परिवार से संवेदनशील संवाद, गोपनीयता बनाए रखने, इमरजेंसी तैयारी और विवाद की स्थिति में शांत एवं पेशेवर रवैया अपनाने की सलाह दी। संगोष्ठी में डॉ एमके जैन, डॉ सुमत जैन, डॉ शरद गेडाम, डॉ हेमंत यादव सहित मेडिकल कॉलेज के शिशु विशेषज्ञ सहित डॉक्टर मौजूद रहे। विशेषज्ञों ने एक स्वर में कहा कि चिकित्सक हमेशा मरीज का भला ही चाहता है और सुरक्षित प्रैक्टिस ही मजबूत चिकित्सा व्यवस्था की कुंजी है।

## रमजान, ईद व होली को लेकर शांति समिति बैठक आयोजित



शमशाबाद। थाने में आयोजित की गई शांति समिति की बैठक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

रमजान, ईद, होली एवं रंग पंचमी को लेकर बुधवार को थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम अजय प्रताप सिंह मौजूद रहे।

नागरिकों एवं समाज के वरिष्ठजनों से त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारे, सद्भाव और सहयोग बनाए रखने के संबंध में मार्गदर्शन लिया गया। एसडीएम ने सभी से अपील की कि त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए कानून-व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी मूलचंद माहेश्वरी, मुस्लिम महापंचायत अध्यक्ष डॉ. अजीज खान, तहसीलदार प्रेमलता पाल, नगर निरीक्षक राजपाल सिंह जादौन, सीएमओ अनिल विदुआ, जेई संदीप कुमार नामदेव मौजूद रहे।

## बासौदा मंडी भाव

| | |
|---|---|
| सोयाबीन | न्यूनतम भाव-2755, उच्चतम भाव-5851 |
| सरसों | न्यूनतम भाव-3250, उच्चतम भाव-6300 |
| चना | न्यूनतम भाव-4200, उच्चतम भाव-5405 |
| मसूर | न्यूनतम भाव-4200, उच्चतम भाव-6850 |
| ज्वार | न्यूनतम भाव-1470, उच्चतम भाव-1470 |
| मक्का | न्यूनतम भाव-1200, उच्चतम भाव-5151 |
| तेवड़ा | न्यूनतम भाव-2400, उच्चतम भाव-3301 |
| धान | न्यूनतम भाव-1300, उच्चतम भाव-4366 |
| बटरी | न्यूनतम भाव-2600, उच्चतम भाव-3951 |
| उड़द | न्यूनतम भाव-5125, उच्चतम भाव-6610 |
| गेहूं | न्यूनतम भाव -1650, उच्चतम भाव- 2872 |
| धनिया | न्यूनतम भाव-6420, उच्चतम भाव-8500 |
| तुअर | न्यूनतम भाव-5800, उच्चतम भाव-6550 |
| मटर | न्यूनतम भाव-3890, उच्चतम भाव-3910 |

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 11884 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत

**गंजबासौदा।** बुधवार को दोपहर लगभग 15:10 बजे डाउन लाइन से गुजर रही AZA मालगाड़ी गार्ड साबिया खान ने ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर को सूचना दी कि रेलवे खंभा किमी क्रमांक 935/ 9-11 पर अज्ञात व्यक्ति किसी ट्रेन से गिर गया है। ऑन ड्यूटी सहायक स्टेशन मास्टर रवि अहिरवार ने सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल GRP और RPF जवानों को जानकारी दी। जीआरपी थाना प्रभारी और रेलवे पुलिस जब मौके पर पहुंची तब तक व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। शव का पंचनामा बना कर शव को पोस्ट मार्टम हेतु शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा गया। खबर लिखे जाने तक मृत व्यक्ति की शिनाख़्त नहीं हो सकी है।

### भक्त के विश्वास में बसते हैं भगवान

**गंजबासौदा।** वार्ड नंबर 17 पठार पुरा के भाटन माता मंदिर प्रांगण में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास विदुषी डॉ. अमृता करुणेश्वरी देवी ने अपनी अमृतमयी वाणी से भक्ति, वैराग्य और समर्पण के विभिन्न प्रसंगों को जीवंत कर दिया।

# धानुक महासभा ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

धानुक महासभा समाज कल्याण समिति और आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष केश कुमार वंशकार के नेतृत्व में बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि सागर में 15 साल के बैंड वादक विवेक बंसल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। संगठनों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजे की मांग की है। उक्त घटना 12 फरवरी को सागर के सरोज मैरिज गार्डन में हुई थी। विवेक बंसल सोनी समाज की एक बारात में बैंड बजा रहा था। बारात में से एक युवक ने विवेक से अपनी पसंद का गाना बजाने के लिए कहा, जिस पर बारात के अन्य लोगों ने आपत्ति दर्ज कराई।

इसी दौरान गाना बजाने की फरमाइश करने वाले व्यक्ति ने अपनी जेब से रिवाल्वर निकालकर विवेक बंसल के सीने में गोली मार दी। परिजन उसे बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह पूरी घटना सागर के मोती नगर थाना क्षेत्र की है। परिजनों ने थाने में आवेदन दिया है, लेकिन अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। ज्ञापन में वंशकार समाज पर आए



दिन हो रही इस प्रकार की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई है। समाज का कहना है कि बैंड पार्टी उनका पुश्तैनी कार्य है, जिससे समाज के लोगों का भरण-पोषण होता है, लेकिन ऐसी घटनाओं से समाज में भारी रोष व्याप्त है। समस्त समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक से अनुरोध किया है कि उपरोक्त घटना के आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। साथ ही, बालक के परिवार को 50 लाख रुपए और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि तीन दिवस के अंदर कार्रवाई नहीं होती है, तो समाज उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। जिसकी जवाबदारी शासन, प्रशासन की होगी।

# नपा ने अतिक्रमण हटवाकर खुलवाया पुरानी कृषि मंडी का दूसरा गेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

त्योंदा रोड स्थित पुरानी गल्ला मंडी प्रांगण में पांचवां पंचकल्याण महोत्सव आगामी 24 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित होने जा रहा है। जिसके लिए नपा एवं प्रशासनिक अमले ने बुधवार को पुरानी कृषि उपज मंडी जाने के लिए दूसरा गेट पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर गेट खुलवा दिया। जिससे नवीन अस्पताल के आसपास फुटकर सब्जी बाजार के लिए सुविधा होगी।

### मसूर, तेवड़ा, मटर, बटरा, धनिया, सरसों की चल रही कटाई

# बारिश की संभावना ने बढ़ाई किसानों की चिंता, थ्रेसिंग का कार्य जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को सुबह से आसमान में बादल छाए रहने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। इन बादलों से गुरूवार और शुक्रवार को इलाके में बारिश होने की संभावना ने किसानों को बेचैन कर दिया है। जिससे उन्होंने अपनी कटी पडी फसलों की थ्रेसिंग तेज कर दी है। वहीं इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने गुरूवार और शुक्रवार को हल्की बारिश होने के संकेत दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले दो दिनों से इलाके में सर्दी का दौर वापस लौट आने से किसानों को कुछ राहत मिली ही थी कि गत दिवस से आसमान पर बादल छाने से किसान फिर चिंतित हो उठे। बुधवार को आसमान पर



बादलों का जमावडा और भी ज्यादा हो गया और वेबसाइटों ने गुरूवार एवं शुक्रवार को हल्की बारिश की संभावनाएं भी जताईं, जो किसानों के लिए परेशानी और चिंता बढा रही हैं।

हालांकि इलाके के मौसम का हाल बताने वाली एक वेबसाइट के अनुसार बादलों से गुरूवार को इलाके में हल्की बारिश हो सकती है, वहीं दूसरी वेबसाइट ने गुरूवार को मामूली बूंदाबांदी और शुक्रवार को हल्की बारिश के संकेत दिए हैं।

वेबसाइटों के पूर्वानुमान सही निकलते हैं और हल्की बारिश या बूंदाबांदी होती है तो फसलों को कम नुकसान होगा, लेकिन बारिश की संभावना किसानों को बेचैन



कर रही है। किसानों का कहना है कि पहली बोवनी वाली अधिकांश फसलें पक चुकी हैं और उनकी कटाई एवं गहाई चल रही है। बादल देख किसानों ने कटी पडी फसलों की गहाई तेज कर दी है। वहीं बाद की बोवनी वाली चना, मसूर सहित गेहूं की फसल को पकने में अभी समय लगेगा, लेकिन बारिश और तेज हवा से गेहूं की फसल आडी होने से काफी नुकसान होगा। वहीं चना, मसूर, तेवडा, बटरा की फसल भी भीग जाने से उनके दाने दागदार हो जाएंगे। जिससे उपज प्रभावित होगी। बेमौसम बारिश किसानों के लिए परेशानी और नुकसान का कारण बन सकती है।


# एक सप्ताह के लिए नवीन बस स्टैंड पर सब्जी दुकानों की बनी सहमति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को नपा, प्रशासन, सब्जी फल विक्रेता एवं जैन समाज के बीच नये बस स्टैंड पर एक सप्ताह सब्जी की दुकान लगाने पर सहमति बन गई है। उल्लेखनीय है कि आगामी समय में पंचकल्याण महोत्सव 24 फरवरी से 2 मार्च तक पुरानी कृषि उपज मण्डी परिसर में आयोजित होने जा रहा है। जिसको ध्यान में रखते हुए नगरपालिका, प्रशासनिक अमले ने सब्जी फल विक्रेता और जैन समाज के बीच एक बैठक आयोजित कर सब्जी, फल विक्रेताओं के रखे गए पक्ष सुनकर पंचकल्याण महोत्सव आयोजित होने तक सब्जी, फल विक्रय नए बस स्टैंड परिसर में करने पर आपसी सहमति बन गई। इस मौके पर तहसीलदार अरविंद यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी, वरुणेन्द्र चौबे सहित नपा अमला एवं फल, सब्जी विक्रेता और जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

# बरेठ रोड पर एसजीएस कॉलेज से नाला निर्माण का कार्य शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


मिनी स्मार्ट सिटी योजना के तहत नगर के वार्ड क्रमांक 7 बरेठ रोड पर शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय से नाला का निर्माण कार्य हेतु संबंधित ठेकेदार द्वारा नाला निर्माण के लिए चूने की लाइन डालकर खुदाई एवं नाला निर्माण का कार्य शुरु कर दिया गया है। इसी को लेकर नपा अमले की मौजूदगी में बरेठ रोड पर चूने की लाइन डाली गई।

## लाइटों से सजी जवाहर रोड की सड़क ...



**गंज बासौदा।** रमजान शुरू होते ही मस्जिदों एवं उनके आसपास आकर्षक विद्युत सजावट की गई है।

### रमजान की तैयारियों को लेकर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने रखी पांच मांगें



**गंजबासौदा।** रमजान माह की तैयारी को लेकर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने पांच मुख्य बातें प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से रखी हैं। मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया मंच ने सहरी और इफ्तार के समय बिना कटौती निर्बाध बिजली सुनिश्चित किए जाने, मस्जिदों और मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने और टैंकरों की व्यवस्था किए जाने, रमजान के दौरान नगर पालिका, ग्राम पंचायतों द्वारा गलियों और मस्जिदों के आस-पास विशेष सफाई अभियान चलाने, विशेष नमाज के समय मस्जिदों के बाहर सुरक्षा बल तैनात करने और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुचारु यातायात हेतु ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था करने। विशेष रूप से नूरानी मस्जिद पाराशरी नदी के बाहर रोजा इफ्तार के समय व रात को तरावीह के बाद, जुमा के दिन यातायात पुलिस तैनात की जाऐ एवं बाजार में मिलावट खोरी और कालाबाजारी रोकने हेतु खाद्य विभाग की टीमों द्वारा नियमित जांच की जाए ताकि उचित मूल्यों पर फल एवं खाद्य सामग्री मिल सके, सडे हुऐ बासी फल को बेचने से रोका जाए, जिन मार्गों से नमाजी मस्जिदों तक जाते हैं, वहां की सड़कों की मरम्मत और स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराया जाए। आज कल पाइप लाइन बिछ रही है जल्द से जल्द वहां पुनः सीसीकरण कराया जाऐ। मांग करने वालों में उमर खान, हाफिज राजा खान, काजी सैयद शोएब हुसैन, काजी सैयद जुबेर हुसैन, भैयन मंसूरी, बशीर खान, बबलू भाई, नसीम मंसूरी, इमरान खान, हाजी सैयद बिलाल, सैयद सरवर अली, शेख शकील अहमद खान, सैयद हसनैन, अकरम अली, असलम खान, हाफिज रहमान, राशिद खान, मोहसिन खान, इरफान खान मंच के पदाधिकारी शामिल हैं।

### नपा अमले ने 15 दुकानदारों पर की जुर्माने की कार्रवाई

# स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर हुई कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत स्वच्छता कप्तानों द्वारा शहर में सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान जय स्तंभ चौक से हनुमान चौक तक दुकानों का निरीक्षण कर दुकानदारों को अपनी दुकानों पर डस्टबिन रखने और गंदगी न फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छता कप्तानों ने प्रत्येक दुकान पर पहुंचकर दुकानदारों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। अभियान के दौरान जिन दुकानदारों द्वारा गंदगी फैलाई गई और डस्टबिन नहीं रखी गई, ऐसे 25 दुकानदारों पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई की गई। जिनसे 2500 की राशि नगर पालिका कोष में जमा कराई गई। साथ ही नियमों का पालन न करने वाली दुकानों के सामने चेतावनी स्वरूप "गंदगी न फैलाएं" का संदेश भी अंकित किया गया। वहीं जिन दुकानदारों ने स्वच्छता बनाए रखी और अपनी दुकानों पर डस्टबिन रखी थी, उन्हें स्वच्छता कप्तानों द्वारा फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया, ताकि अन्य लोग भी प्रेरित हों।

इस अवसर पर नगर पालिका स्वास्थ्य एवं चिकित्सा समिति के प्रभारी रिचा संजय भावसार, पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा, स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना, अभिषेक श्रीवास्तव, आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी से अभिषेक शर्मा एवं उनकी टीम उपस्थित रही। साथ ही सेंट एसआरएस स्कूल से प्राचार्य उमेश यादव, एसके चौहान भी अभियान में शामिल हुए। स्वच्छता कप्तानों ने कहा कि हमारा शहर हमारा है, इसे स्वच्छ रखना भी हम सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखना तथा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में शहर की रैंक को बेहतर करना है।

## हरदूखेड़ी में सेक्टर बैठक का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर संस्था मां शीतला ह्यूमन सोशल डेवलपमेंट सोसायटी के तत्वावधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विकासखंड समन्वयक ने की। बैठक में ग्राम विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों को आदर्श ग्राम, संस्कार केंद्र, जन सूचना केंद्र, वाचनालय, पर्यावरण नर्सरी नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन देते हुए इन गतिविधियों को प्रभावी रूप से ग्राम स्तर पर लागू करने का आह्वान किया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था मां शीतला ह्यूमन सोशल डेवलपमेंट सोसायटी से हजारीलाल पाटस्कर, श्याम कुमार साध, जगदीश प्रसाद साहू, प्रस्फुटन समिति गमाकर से मोहन सिंह रघुवंशी, सुरजन सिंह रघुवंशी, प्रस्फुटन समिति कांचरोद राजेन्द सिंह रघुवंशी, हरदूखेड़ी से हरकिशन पंथी, करौंदाकला से दीपक सिंह रघुवंशी, बमोरी हसनपुर से रामकरण अहिरवार उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सभी उपस्थितजनों ने ग्राम विकास में सक्रिय सहभागिता निभाने एवं जन अभियान परिषद की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# स्वच्छता कप्तानों ने दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत सेंट एसआरएस स्कूल के एनएसएस से जुड़े छात्र–छात्राओं ने स्वच्छता कप्तान की भूमिका निभाते हुए शहर के राष्ट्रीय स्मारक जय स्तंभ चौक की संपूर्ण साफ-सफाई की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में नगर पालिका के पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा, नगर पालिका आईईसी गतिविधि सहयोगी संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी से अभिषेक शर्मा एवं उनकी टीम, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा समिति के प्रभारी प्रचार संजय भावसार, स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना, अभिषेक श्रीवास्तव, उमेश यादव, केएस चौहान सहित स्कूल स्टॉफ उपस्थित रहा। साथ ही नगर पालिका का अमला भी कार्यक्रम में शामिल हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा।

## प्रोजेक्ट में विदिशा जिला शामिल

# विमुक्त घुमंतु-अर्द्ध घुमंतु जाति का जन-अभियान परिषद का सर्वे जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

विमुक्त घुमंतु और अर्धघुमंतु विभाग के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा सिरोंज विकासखंड में विमुक्त,घुमंतु एवं अर्धघुमंतु जातियां जो राज्य सरकार द्वारा 51 समुदाय मान्यता प्राप्त परिवारों का सर्वे किया जा रहा है।

इस सर्वे का उद्देश्य इन समुदायों की वास्तविक स्थिति,सामाजिक-आर्थिक आवश्यकताओं तथा शासन की योजनाओं से जुड़ाव की जानकारी एकत्र करना है। सर्वे के दौरान क्षेत्र के ग्रामों व बस्तियों में पहुंचकर परिवार-स्तर पर जानकारी ली जा रही है, जिसमें परिवार की संख्या, शिक्षा एवं आजीविका की स्थिति, आवास, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ, परिवार की शिक्षा आदि बिंदु शामिल हैं। जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था के कार्यकर्ता एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्यों द्वारा यह कार्य गंभीरता से किया जा रहा है, ताकि विमुक्त, घुमंतु एवं अर्धघुमंतु समुदायों को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जा सके। वही विकास खंड क्षेत्र में कोई भी पात्र परिवार सर्वे से वंचित न रह सके। यह सर्वे सिरोंज क्षेत्र में सामाजिक समावेशन व कल्याणकारी योजना की प्रभावी पहुंच में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ वार्षिक उत्सव

# कॉलेज के विद्यार्थियों ने लहराया अपनी प्रतिभा का मंच से परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय का वर्ष 2025-26 का वार्षिक स्नेह सम्मेलन रंगारंग कार्यक्रम सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवकुमार भार्गव द्वारा माँ सरस्वती एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लालचंद राजपूत ने प्रारम्भ में महाविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा महाविद्यालय के विकास में किए गए योगदान को याद किया। तो वही क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासों से महाविद्यालय में चल रहे विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वही प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय के प्रारंभ से ही चल रही सबसे बड़ी समस्या महाविद्यालय के ग्राउंड से निकली हाई टेंशन लाइन का शिफ्टिंग का कार्य किस प्रकार से विधायक श्री शर्मा के प्रयास से संभव हो पाया। खेल गतिविधियों का प्रतिवेदन महाविद्यालय के कीड़ा अधिकारी डॉक्टर वसीम उल्ला खान ने प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता चंडीगढ़ में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल का प्रतिनिधित्व करने वाले महाविद्यालय के छात्र बंटी गुर्जर, नरेश अहिरवार एवं काजल सोनी को ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में भाषण, चित्रकला, मेहंदी, रंगोली, केश-सज्जा, सलाद-सज्जा, क्ले मॉडलिंग, नाटक, फैंसी ड्रेस, एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य एवं समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवकुमार भार्गव ने वार्षिक उत्सव में हुई विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरित किए। भाग लेने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

## कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

# भारत-तिब्बत सहयोग मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्पित का सिरोंज आगमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

भारत-तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्पित मुदगल का अल्प प्रवास पर सिरोंज आगमन हुआ। नगर के पालीवाल रिसोर्ट पर उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मध्यभारत प्रान्त अध्यक्ष प्रशांत पालीवाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया तथा संगठन के उद्देश्यों एवं आगामी गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की।

इस मौके पर संगठन का उद्देश्य बताते हुए श्री मुदगल ने कहा भारत-तिब्बत सहयोग मंच का लक्ष्य भारत और तिब्बत के बीच सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक संबंधों को सुदृढ़ करना है। यह मंच तिब्बती जनता के संघर्ष और उनकी स्वतंत्रता की आकांक्षा को भारत की युवा शक्ति से जोड़ते हुए, न्याय, समानता और भाईचारे का संदेश देता है।

तिब्बत मानवाधिकारों के लिए जनजागरण,भारत-तिब्बत की साझा सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और प्रचारित करना,युवाओं को जागरूक कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तिब्बत मुद्दे को उठाना, रविदास व दलाई लामा जैसे आध्यात्मिक महापुरुषों के विचारों से प्रेरणा लेकर समाज में समानता और शांति का वातावरण बनाना, युवा शक्ति से भारत-तिब्बत मैत्री का नया अध्याय सिरोंज से उठी नई पुकार।

# भार्गव परिवार ने मोक्षधाम समिति को पिता की स्मृति में दान किया शव फ्रीजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज




नगर के हीरो मोटर साइकल ग्रुप के संचालक एवं प्रसिद्ध व्यवसायी योगेश भार्गव के परिवार ने अपने पिताजी की स्मृति में नगर की मोक्षधाम सेवा समिति को शव रखने का फ्रीजर भेंट किया। उल्लेखनीय है कि विगत माह पूर्व मदनमोहन पथ पर रहने वाले वरिष्ठ समाजसेवी एवं व्यवसायी राजेंद्र प्रसाद भार्गव का देहावसान हो गया था।

उनकी अंत्येष्टि के दौरान मोक्षधाम सेवा समिति के द्वारा लटेरी रोड स्थित मुक्तिधाम परिसर के सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों से प्रेरणा लेते हुए पिताजी की स्मृति में शव रखने का फ्रीजर समिति को दान करने की घोषणा की थी। जिसके फलस्वरूप बुधवार को उनकी छहमासी पर भार्गव परिवार ने मोक्षधाम समिति को बुलाकर समाज के उपयोग आने वाला शव फ्रीजर भेंट किया। इस अवसर पर मौजूद नपाध्यक्ष मनमोहन साहू एवं समिति सदस्यों ने भार्गव परिवार के परिजनों का आभार व्यक्त किए।

उल्लेखनीय है कि किसी परिवार में मृत्यु होने पर किसी कारणवश अन्त्येष्टि में विलंब होने से शव फ्रीजर की आवश्यकता लगती है। पूर्व में स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा की स्मृति में विधायक उमाकांत शर्मा ने भी एक शव फ्रीजर उपलब्ध कराया था। इस अवसर पर समिति के सदस्य सचिन शर्मा ने बताया कि यह फ्रिजर मुक्तिधाम परिसर के कक्ष में रखवाए गए हैं।

## आईजा राष्ट्रीय कार्यालय में शोक सभा संपन्न, देश के हर राज्य में आईजा ने दी शोक श्रद्धांजलि

# पूर्व केंद्रीय मंत्री के ग्रहस्थ जीवन के पिता मुनिश्री विष्णु सागर का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के ग्रहस्त जीवन के पिता पूज्य मुनि श्री विष्णु सागर जी महाराज का आकस्मिक निधन होने पर देष भर में जैन समाज के अलावा अन्य समाजजनों ने शोक की लहर दौड़ गई। वही ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएषन आईजा के प्रदेष अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने बताया कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के पिता श्री प्रारंभ से ही सामाजिक,धार्मिक गतिविधियों में रहें है। उसी का प्रभाव उनके पूरे परिवार पर भी पडा है।

आईजा के राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्रीय कार्यालय दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया के नेतृत्व में शोक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने कहा कि देश के शुभ चिंतक और राजकिय जगत में भारत सरकार में अनमोल भूमिका निभाने वाले प्रदीप जैन आदित्य के पूज्य पिताजी और ख़ुद की आत्मा के साथ साथ हम सभी की आत्मा का कल्याण करने वाले पूज्य मुनिश्री विष्णु सागर जी महाराज का समता पूर्वक समाधिमरण के समाचार मनुष्य भव और वो भी भारत क्षेत्र में मिलना ही बहुत बड़ा सौभाग्य है। पिताजी यानी मुनिश्री ने ये भव और पर भव दोनों सुधार दिया जो हम सभी को एक प्रेरणा है। आप जैसे शुभ चिंतक कल्याणी मित्र देकर गए। ये भी उनका बहुत बड़ा उपकार हम सभी के पर उनका रहेगा। जो हम कभी नहीं चुका पाएंगे। पूर्व केन्द्रीय मुंत्री प्रदीप जैन जिस तरह से समाज के लिये, देश के लिये काम करते है यह उनकी अनमोल सादगी और पिताजी की अनमोल परंपरा हम सभी को प्रेरणा देती है। अशोक नगर में पूज्य मुनिराज 1008 श्री सुधा सागर जी महाराजा की निश्रा में इन्होने ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोशिएशन के राष्ट्रीय समेलन में बड़े भाई बन के खड़े थे और हम सभी का उत्साह बढ़ाया था। ये सभी पिताश्री एवं मुनिश्री के अनमोल संस्कारों का परिणाम है। प्रदीप जैन की इस दुख की घड़ी में देषभर का आईजा परिवार उनके साथ खडा है। साथ ही परम उपकारी पिताश्री जल्द से जल्द मोक्ष गति प्राप्त करे और जहाँ भी हो वहाँ से हम पर आशीर्वाद बनाए। हम सभी मिलकर पिताजी अनमोल संस्कारो को आगे बढ़ायेंगे। इस अवसर पर आईजा के प्रदेष अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने कहा कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के पिता श्री हमेषा से ही जैन समाज की धार्मिक गतिविधियों, धर्म-संरक्षण और समाजसेवा में ऐतिहासिक व अग्रणी भूमिका निभाते रहे है। जैन धर्मावलम्बी के रूप में उन्होने न केवल आध्यात्मिक आत्म-शुद्धि पर ध्यान केंद्रित किया बल्कि समाजसेवा को भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना। उन्होने हमेशा से ही शिक्षा,आपदा राहत और सामाजिक समरसता में सक्रिय भूमिका निभाई।



# बस स्टैंड पर यात्री बसें नहीं पहुंचने पर बंद रहा खरगौन, दिया धरना

## स्टैंड न आने वाली बसों पर आरटीओ की गाज, वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

फोरलेन 45 का बायपास मार्ग बन जाने से खरगोन के निर्धारित बस स्टेंड पर यात्री बसे नहीं पहुंचने से क्षेत्र के व्यापारीगण, ग्रामीणजन एवं स्कूली छात्र-छात्राए यात्री बसों के आने जाने के लिए अनेक बार ज्ञापन सोंपे गए, परन्तु यात्री बस संचालकों की मनमानी कार्यप्रणाली के विरूद्ध आखिरकार व्यापारियों गणमान्य नागरिकों ने मोर्चा खोला, मंगलवार को खरगोन पूरी तरह बंद रहा।

व्यापारियों, ग्रामीणों ने वायपास पर धरना दिया, स्थानीय प्रशासन और परिवहन विभाग के अधिकारी खरगोन पहुंचे। बस स्टेंड पर यात्री बसें रूकेगीं भरोसा मिलने पर आन्दोंलन समाप्त हुआ।

3-4 वर्ष पूर्व फोरलेन बायपास का निर्माण पूर्ण होते ही लम्बी दूरी वाली यात्री बसों का खरगोन के निर्धारित बस स्टेंड पर यात्री जिसके असर से यात्रियों को लगभग एक डेढ़ किलामीटर पैदल, जोखिम भरी स्थिति में रात, गर्मी, बारिश में मजबूरी बन गया। ग्रामीणों ने अनेक बार अधिकारियों को आवेदन दिए गए, परन्तु बस संचालकों की मनमानी जारी रही।




### 6 यात्री बसों के चालान, 10 हजार जुर्माना

जब व्यापारियों ग्रामीणों ने खरगोन में व्यापार बंद रख कर धरना प्रदर्शन किया तो परिवहन विभाग के अधिकारी स्थानीय प्रशासन पहुंचा और खरगोन बस स्टेंड न आने वाली 6 यात्री बसों के चालान बना कर 10 हजार रू की जुर्माना राशि वसूल की गई। इसी के साथ आपरेटरों का परमिट शर्तो का पालन संचालन न होने पर यात्री बसों के परमिट रद्द करने की चेतावनी दी गई।

## असंगठित श्रमिकों का पेंशन पंजीयन शुरू

**सागर ।** भारत सरकार द्वारा लागू की गई प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है। इस योजना के तहत पात्र श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर उसे तीन हजार रूपए प्रतिमाह की पेंशन दी जाती है। जिन श्रमिकों की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच और मासिक आय 15 हजार रूपए या उससे कम है वे इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इस योजना में श्रमिक द्वारा जितनी राशि का अंशदान किया जाता है उतनी ही राशि का अंशदान केन्द्र सरकार द्वारा जमा किया जाता है। रिक्शा चालक, रेहड़ी पटरी विक्रेता, घरेलू कामगार, निर्माण श्रमिक, कृषि श्रमिक, कूड़ा बीनने वाले, मोची, दर्जी धोबी, नाई सहित अन्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिक इस योजना में पंजीयन कराकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। पंजीयन की प्रक्रिया निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से की जा सकती है। सहायक श्रम आयुक्त, सागर ने जिले के सभी असंगठित श्रमिकों से अपील की है कि वे लाभ लें।

## सड़क पर बह रहा पानी, जोखिम भरा आवागमन

# इंदौर की घटना से भी नहीं लिया सबक नर्मदा जलवर्धन योजना की फूटी लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

इंदौर में दूषित जल से दर्जनों लोगों की मौत हो गई। इसके बाद भी नर्मदा जलावर्धन योजना नगर के लिए परेशानियों का कारण बन रही है। बगलवाड़ा नर्मदा तट से नर्मदा जल का शोधन कर वर्षों से नगर में वाटर सप्लाई हो रही है।

बगलवाडा.से बरेली पहुंचने से पूर्व ग्राम कोटपार गणेश सडक़ किनारे डली पाइपलाइन फूटने और पानी रिसाव को महिनों बीज जाने के बाद भी नगर पंचायत या नर्मदा जलावर्धन योजना के ठेकेदार द्वारा मरम्मत सुधार न करने से कभी भी लीकेज का खराब पानी इंदौर जैसी घटना का कारण बन सकता है।

नर्मदा जलावर्धन योजना पर नगर पंचायत द्वारा वर्षों पूर्व करोड़ों की राशि खर्च की गई। तीन पानी की ऊंची टंकियों का निर्माण होना था, पर दो का ही निर्माण हुआ और एक टंगी का निर्माण अधूरा बना हुआ है।



### पानी की बर्बादी जोखिम भरा सफर

जिस प्रकार नर्मदा जलावर्धन योजना की मुख्य पाइपलाइन फूटी और पानी लीकेज हो रहा है। उससे प्रतिदिन पानी की भारी बर्बादी होने के साथ सडक़ पर जल भराव सडक़ पर कीचड़ बनी रहने से जोखिम भरी स्थिति में वाहनों का ग्रामीणों का आवागमन होने से कभी भी गंभीर घटना दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। ठेकेदार तो करोड़ों की राशि लेकर गायब हो गया और आधी अधूरी बदहाल स्थान पर क्षतिग्रस्त जलावर्धन योजना नगर पंचायत पर बोझ बन रही हैं।

नर्मदा जलावर्धन योजना की अंतर्गत नगर के विभिन्न हिस्सों वार्डों में हजारों नल कनेक्शन देने की ठेकेदार द्वारा औपचारिकता की गई। दिए गए नल कनेक्शनों में टोटियां न लगी होने से जैसे सप्लाई शुरू होती है।

पानी का रिसाब और फुब्बारे फूटना शुरू हो जाते हैं। इन लीकेज से गंदा पानी लाइनों में भर जाने की स्थिति रहती है। नर्मदा जलावर्धन योजना के अंतर्गत दिए गए कनेक्शनों की प्रतिमा जलकर की राशि नगर परिषद को ना मिलना भी सर दर्द बना हुआ है।

**इनका कहना है**

पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली है। नगर पंचायत को शीघ्र मरम्मत के निर्देश दिए हैं।

- **संतोष मुद्गल**, एसडीएम बरेली।

## नगर में प्रतिदिन निकल रही भारी मात्रा में प्लास्टिक पन्नी

# प्रतिबंधित पॉलीथिन की बेखौफ हो रही खरीद-फरोख्त

**क्षेत्र की घोघरा और बारना नदियों एवं सड़कों के किनारे डाली जा रही सामग्री**

**खाद्य सामग्री और हरी सब्जी देने में दुकानदार कर रहे पॉलीथिन का जमकर उपयोग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



सरकार द्वारा 2022 में सिंगल यूज प्लास्टिक पन्नी के विक्रय उपयोग पर प्रतिबंध लगा देने के बाद नगर एवं संपूर्ण क्षेत्र में प्रत्येक सामग्री के खरीदने बेचने के दौरान बेखोफ ढंग से उपयोग होने के कारण नगर में निकलने वाले कचरे में अधिक मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक पन्नी, डिस्पोजल सामग्री की रहती है।

प्लास्टिक पन्नी का प्रतिदिन जिस भारी मात्रा में उपयोग हो रहा है। और उन्हें नगर के बाहरी सडक़ों के किनारे बारना, घोघरा नदियों के किनारे डालने से प्रदूषण बढ़ाने के साथ फेलने वाली बदबू से लोग परेशान बने रहते हैं।

### प्रतिबंध के बाद भी जमकर हो रहा क्रय विक्रय व उपयोग

1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक पालिथिन पन्नियों के विक्रय उपयोग पर प्रतिबंध लगा है। इसके बाद प्रत्येक सब्जी, किराना, खाद्य सामग्री बेचने वाली दुकानों पर इनका सरेआम उपयोग देखा जा सकता है। दुकानदारों का कहना है, जब आसानी से पन्नियों के पैकेट मिल रहे हैं तो उनका उपयोग कर रहे हैं। थोक में भारी मात्रा में दुकानदारों के पास प्रतिबंधित पन्नी आ रही है। जिन्हें दुकानदारों द्वारा छोटे-छोटे दुकानदारों को उनकी जरूरत के अनुसार विक्रय किया जाता है।

सब्जी किराना एवं अन्य सभी बिकने वाली सामग्री सिंगल यूज पन्नियों नगर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिदिन भारी मात्रा में पहुंचकर प्रदूषण बढऩे का कारण बन रही हैं। नगर के विभिन्न स्थानों पर भी प्रतिबंधित पन्नी और डिस्पोजल सामग्री के ढेर लगे रहने और आसपास मवेशियों के झुंड उन्हें खाने के लिए सक्रिय बने रहते हैं।

### नर्मदा किनारे भारी मात्रा में पड़ी उपयोग की गई सामग्री

प्रत्येक अमावस्या पूर्णिमा पर्व त्यौहार और नर्मदा जयंती इत्यादि पर हजारों की संख्या में धार्मिक श्रद्धालु नर्मदा तटों पर पहुंचे श्रद्धालुओं द्वारा प्रसादी पन्नियों में लाकर खाली पन्नियां नर्मदा किनारे दर्जनों तटों पर छोड़ दी गई नर्मदा तटों पर छोड़ी गई पन्नियों की भारी मात्रा अब धीरे-धीरे उड़ कर नर्मदा मैया में पहुंच रही है।

# विधायक राज्यमंत्री पटेल ने दी विधायक निधि, सीसीटीव्ही कैमरा लगना आरंभ

**सार्वजनिक भीड़-भाड़ वाले स्थान रहेगें तीसरी आंख की निगरानी में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

भोपाल, जबलपुर के बीच बरेली सबसे बड़ा प्रशासनिक और व्यापारिक केन्द्र होने के बाद सीसीटीवी केमरा न लगे होने से घटना, दुर्घटना भीड़भीड़ वाले स्थानों, बाजारों पर ठीक प्रकार से निगरानी नहीं हो पाती थी।

टीआई कपिल गुप्ता एवं व्यापारियों गणमान्य नागरिकों की मांग, आग्रह पर क्षेत्र के विधायक प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने 10 लाख की विधायक निधी भार में सीसीटीवी केमरों को लगाने दी। इसके लिए विधायक निधि के नियम में परिवर्तन भी किया गया।

**अब नगर में तीसरी आंख से निगरानी**

उदयपुरा रोड, बस स्टेंड, दीन दयाल परिसर, नवीन टाकीज चौराह, पिपरिया रोड चौराह, पिपरिया मार्ग पर ओव्हर ब्रिज, रामलीला मैदान चौराहा, सब्जी मंडी, बड़ा बाजार, पावर हाउस रोड जैसे भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी केमरा लगा कर तीसरी आंख से निगरानी में सडक़ यातायात को व्यवस्थित रखने घटना, दुर्घटना वारदातों के अपराधियों तक पुलिस शीर्घ पहुंच सकती है।

पुलिस द्वारा नगर के 6 प्रमुख स्थानों को सीसीटीवी केमरा लगाने चिन्हित किया गया है।

दो स्थानों पर एनाउंस करने की भी व्यवस्था रहेगी। सीसीटीवी का टेन्डर स्वीकृत होने के बाद नगर के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी केमरा लगना शुरु हो गए है। उक्त सम्बन्ध में टीआई कपिल गुप्ता ने बताया कि 6 प्रमुख स्थानों के साथ लगभग 20 स्थानों पर केमरा लगाये जाने है। आवश्यकता के अनुसार केमरों की बढ़ाई भी जा सकती है।

Vehicle Available for Sale
MAKE -
MARUTI EECO 5 SEATER
MODEL - 2023
RC No- MP-04-ZQ-6689
ENGINE NO.-
K12NN4153278
CHASSIS No.-
MA3JDT08WPKC49819
M. 7880190815
9425602847

## आगामी 22 फरवरी को भाजपा कार्यालय में बच्चे जमा करो विशाल आंदोलन किया जाएगा

# सवर्ण समाज ने कहा - हमारा विरोध सरकार से अथवा पार्टी या किसी व्यक्ति विशेष नहीं, बल्कि व्यवस्था से है

## 22 फरवरी को होने वाले आंदोलन को लेकर चित्रगुप्त मंदिर पर आयोजित हुई प्रेसवार्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सरकार द्वारा यूजीसी कानून में बदलाव के विरोध में बुधवार को सवर्ण समाज द्वारा शहर के चित्रगुप्त मंदिर पर प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी सवर्ण समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उन्होंने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 22 फरवरी को दोपहर 12 बजे भाजपा कार्यालय में बच्चे जमा करो आंदोलन किया जाएगा। इस आंदोलन में जिलेभर से लगभग 5 हजार लोगों के पहुंचने की संभावना है।

महामाया चौक से सवर्ण समाज एकत्रित होकर रैली के रूप में भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे, जहां भाजपा कार्यालय में पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधी को बच्चे सुपुर्द करेंगे। इस विशाल प्रदर्शन में सवर्ण समाज के सभी लोग काले वस्त्र पहनकर एवं काले झंडे लेकर उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

**आंदोलन में जिलेभर से लगभग 5 हजार लोगों के पहुंचने की संभावना**




प्रेसवार्ता में पदाधिकारियों ने कहा कि उनका विरोध सरकार या किसी पार्टी अथवा किसी व्यक्ति विशेष नहीं है, बल्कि उनका विरोध व्यवस्था से है। उन्होनें कहा कि यूजीसी से संबंधित निर्णयों को लेकर समाज में असंतोष है। उनका आरोप है कि इन फैसलों से छात्रों और युवाओं के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसी मुद्दे को लेकर यह शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आंदोलन पूर्णरूप से लोकतांत्रिक एवं शांति पूर्ण होगा और प्रशासन को इसकी सूचना दी जा चुकी है।

सभी सवर्ण समाजों के अध्यक्षों ने एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि यह केवल एक समाज का नहीं, बल्कि सभी वर्गों के हितों से जुड़ा विषय है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से 22 फरवरी को काले वस्त्र पहनकर प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। पत्रकार वार्ता के अंत में आयोजकों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं हुई तो आगे भी आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

### 4 मार्च को खेलेंगे समरसता होली

4 मार्च को महामाया चौक पर समरसता के रंग कार्यक्रम के तहत होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी वर्गों के लोगों के साथ प्रेम पूर्वक होली खेलकर यूजीसी के कथित काले कानून का विरोध किया जाएगा।

प्रेस वार्ता में यह भी कहा गया कि अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग समाज के लोग 'हमारे भाई हैं और आंदोलन किसी वर्ग के विरुद्ध नहीं, बल्कि नीतिगत निर्णयों के विरोध में है। 21 फरवरी को विभिन्न वर्गों के परिवारों से मिलकर संवाद एवं एकता का संदेश देने तथा आंदोलन में साथ देने का आह्वान किया जाएगा।

इस दौरान श्री हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि खत्री, अधिवक्ता भरत सिंह राजपूत, प्रमोद कांकर, नरेंद्र माहेश्वरी, श्याम अग्रवाल, विनीत रघुवंशी, सूर्यप्रकाश सक्सेना, अशोक श्रीवास्तव, संघर्ष शर्मा, दीपक ठाकुर, ऋषि बघेल सहित सभी समाजजन उपस्थित रहे।

### श्री हिन्दू उत्सव समिति ने दिया अपना समर्थन

सवर्ण समाज द्वारा यूजीसी के विरोध में 22 फरवरी को किए जा रहे आंदोलन में श्री हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि खत्री ने सवर्ण समाज को अपना समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि भारत देश में सभी वर्ण एक है, और हम सब समरसता का भाव रखते है। अगर किसी समाज पर कोई बात आती है तो हम उसका तन, मन, धन से सहयोग करेंगे।

---

## ग्रामीणों का आरोप - कई बार शिकायत के बावजूद हालात जस के तस

# संभाग के आरोग्यम केंद्रों पर लटके ताले, डॉक्टरों की कमी बनी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भोपाल संभाग के ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में संचालित आरोग्यम केंद्र इन दिनों बदहाली का शिकार हैं। कई केंद्रों पर ताले लटके मिले, तो कहीं डॉक्टर और स्टाफ के अभाव में इलाज ठप है। नतीजतन मरीजों को या तो निजी क्लीनिकों का रुख करना पड़ रहा है या फिर जिला अस्पताल तक लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। इससे समय और पैसा- दोनों का नुकसान बढ़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई आरोग्यम केंद्र सप्ताह में दो-तीन दिन ही खुलते हैं। कुछ जगहों पर केवल फार्मासिस्ट के भरोसे व्यवस्था चल रही है। जबकि डॉक्टर की नियमित मौजूदगी नहीं है। गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के टीकाकरण जैसे जरूरी काम भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं।

### यहां स्टाफ की कमी बरकरार

देवनगर, बम्होरी जैथारी, बरखेड़ी बरामद, सुनवाहा, गढ़ी, खरबई, सांचेत, पैमत, केतोघान, हिनोतिया महलपुर, देवरी, खरगौन, गैरतगंज हॉस्पिटल में डॉक्टरों के पद रिक्त हैं। जिससे कई बार अस्पतालों में ताले लटक जाते हैं।




### विशेषज्ञों के 60 फीसदी पद खाली, डॉक्टर की भी कमी

जिले में विशेषज्ञ डॉक्टरों के 60 प्रतिशत पद खाली हैं। इससे मरीजों को रेफर करना पड़ता है। रायसेन के जिला चिकित्सालय, गैरतगंज, बेगमगंज, सिलवानी, मंडीदीप, गौहरगंज, ओबेदुल्लागंज, बाड़ी, बरेली, उदयपुरा विशेषज्ञ डॉक्टरों के 60 प्रतिशत से ज्यादा पद खाली हैं। इसी तरह द्वितीय श्रेणी के चिकित्सा अधिकारियों के पूरे जिले में 38 पद स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 47 प्रतिशत पद ही भरे हुए हैं। 5 साल से यही स्थिति चल रही है। नए डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं पहुंच रहे हैं। जिले में प्रथम श्रेणी डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं। इसमें से केवल 13 पद भरे हुए हैं। 39 डॉक्टरों के पद खाली हैं। सेकंड क्लास डॉक्टरों के भी पद रिक्त हैं। डॉक्टरों की कमी के चलते कई मरीजों को भोपाल रेफर करना पड़ता है।

जिला स्वास्थ्य विभाग के सूत्र बताते हैं कि संविदा डॉक्टरों को समय पर वेतन न मिलना और कम मानदेय बड़ी वजह है। दूरस्थ क्षेत्रों में आवास और बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण भी डॉक्टर टिक नहीं पाते। कई पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। परिणामस्वरूप जो स्टाफ उपलब्ध है, उसी पर कई केंद्रों का अतिरिक्त भार डाल दिया गया है।

### मरीज हो रहे परेशान, दूर जाना पड़ रहा इलाज कराने

मरीजों की परेशानी साफ दिखती है। छोटे-मोटे बुखार, खांसी, ब्लड प्रेशर या शुगर की जांच जैसे सामान्य उपचार के लिए भी लोगों को 20-30 किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। निजी अस्पतालों में जांच और दवाइयों का खर्च गरीब परिवारों पर भारी पड़ रहा है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि प्राथमिक स्तर की स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत हों तो बड़े अस्पतालों पर दबाव कम होता है। आरोग्यम केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग, रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती, समय पर वेतन भुगतान और आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता से स्थिति सुधर सकती है।

**इनका कहना है**

जिले के अस्पतालों में खाली डॉक्टरों के पद जल्द भरे जाएंगे। इसके लिए पत्राचार कर चुके हैं शासन स्तर पर विभागीय अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है।

- डॉ. एचएन मांडरे, सीएमएचओ।

---

# दुकानदारों को अपनी हद में रहने की हिदायत, खींची 'लक्ष्मण रेखा'

## नपा का सख्त रुख देख दुकानदारों ने खुद हटाई फैली सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में बुधवार को नगर पालिका की टीम ने सख्त रुख अपनाते हुए इंडियन चौराहे से लेकर बाजार क्षेत्र में अभियान चलाया। सीएमओ सुरेखा जाटव खुद सड़क पर उतरीं और दुकानदारों को निर्धारित सीमा में ही दुकान लगाने की सख्त हिदायत दी। अब आमजन को कुछ हद तक अतिक्रमण और सड़क पर फैलती दुकानों के कारण लगने वाले जाम की परेशानी से राहत मिलेगी।

नपा का अमला इंडियन चौराहे से लेकर मुख्य बाजार और सब्जी मंडी क्षेत्र में पहुंचा। यहां कई सब्जी, फल, चाट और पकोड़े की दुकानें फुटपाथ से आगे सड़क तक फैली हुई थीं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को निकलने में परेशानी हो रही थी। सीएमओ ने मौके पर ही चूने से सड़क पर एक स्पष्ट लाइन खींचकर 'लक्ष्मण रेखा' निर्धारित की और कहा कि दुकानदार इसी सीमा के भीतर रहकर व्यापार करें।



सीएमओ ने साफ कहा कि फुटपाथ और सड़क आम जनता के लिए हैं, न कि दुकानों के विस्तार के लिए। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में यदि किसी ने सीमा का उल्लंघन किया तो सामान जब्त करने और जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका के कर्मचारियों ने कई दुकानदारों का सीमा से बाहर रखी दुकान की सामग्रियां हटवाई गईं। अभियान के दौरान कुछ दुकानदारों ने पहले आपत्ति जताई। लेकिन सख्ती देखकर अधिकांश ने स्वेच्छा से अपना सामान पीछे कर लिया।

इधर, राहगीरों और वाहन चालकों ने नगर पालिका की इस कार्रवाई का स्वागत किया। स्थानीय निवासी राजेश शर्मा, मलखान रावत ने कहा कि "कई दिनों से बाजार में पैदल चलना मुश्किल हो गया था। आज पहली बार सड़क खुली-खुली नजर आई।" वहीं दोपहिया वाहन चालकों ने भी जाम से राहत मिलने पर संतोष जताया।

### सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा

**रायसेन।** बुधवार को कलेक्ट्रेट में हुई बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, और पीएचई विभाग की सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की गई।

---

## परिजनों ने उठाई सीबीआई जांच की मांग

# नर्सरी फायरिंग में संदिग्ध मौत ने लिया नया मोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सामाजिक वानिकी की अमरावद नर्सरी में देशी कट्टे से फायरिंग की घटना ने बुधवार को नया मोड़ ले लिया। मृतक पूरन सिंह लोधी की पत्नी बैजंती बाई और परिजनों ने थाना कोतवाली में आवेदन देकर मामले को सोची-समझी साजिश के तहत की गई संदिग्ध हत्या बताया है और पूरे मामले की सीबीआई से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

मृतक की बेटी भूरी बाई लोधी ने बताया कि डिप्टी रेंजर राकेश शर्मा ने 17 फरवरी को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे पापा (पूरन सिंह) को नर्सरी बुलाया था। उनका आरोप है कि डिप्टी रेंजर और वनकर्मियों की मिलीभगत से पापा (पूरन सिंह) को गोली मारी गई और बाद में इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई। हत्या के दौरान नर्सरी के सोलर पैनल और सीसीटीवी कैमरे बंद क्यों कर दिए थे। परिजनों का कहना है कि घटना संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है और कई तथ्य सामने नहीं आए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो परिवार न्याय से वंचित रह जाएगा।



### शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में भी गोली लगने की पुष्टि

एएसपी कमलेश खरपुसे के अनुसार, शव की शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। रिपोर्ट में मृतक को गोली लगने की पुष्टि हुई है। साथ ही रस्सी से बनाए गए फंदे के जरिए खुदकुशी किए जाने के संकेत भी मिले हैं। हालांकि पुलिस ने कहा है कि अंतिम निष्कर्ष विस्तृत जांच और फॉरेंसिक रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगा। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

---

## सिलवानी क्षेत्र में हर्ष की लहर

# मढिया देवरी की बेटी सपना रघुवंशी बनीं 'सीएमओ'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

अंचल के ग्राम मढिया देवरी की होनहार बेटी सपना रघुवंशी की प्रथम पद स्थापना मुख्य नगर पालिका अधिकारी, लटेरी के रूप में होने का आदेश जारी होते ही क्षेत्र में हर्ष का वातावरण बन गया। यह उपलब्धि न केवल रघुवंश समाज बल्कि पूरे सिलवानी क्षेत्र के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। साधारण परिवार से निकलकर प्रशासनिक सेवा में यह महत्वपूर्ण दायित्व प्राप्त करना सपना रघुवंशी की मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उनकी इस सफलता से गांव, परिवार और समाज का मान बढ़ा है।



क्षेत्रवासियों ने इसे बेटियों की शिक्षा, संघर्ष का प्रेरक उदाहरण बताया है। समाजजनों ने विश्वास व्यक्त किया है कि सपना अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी के साथ करेंगी।

---

# सागर राजमार्ग पर बन रहीं दुकानों में घटिया फर्श निर्माण कार्य के लोगों ने लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

नगर पालिका द्वारा सागर-भोपाल राजमार्ग पर छोटे व्यापारियों के लिए बनाई जा रही दुकानों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार सत्येंद्र सिंह चौहान द्वारा दुकानों का फर्श निर्माण घटिया स्तर का कराया जा रहा है।

मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि फर्श डालते समय नपा का न तो कोई इंजीनियर मौजूद था और न ही कोई टेक्निकल अधिकारी। निर्माण कार्य पूरी तरह ठेकेदार चौहान के भरोसे चलता दिखाई दिया। आरोप है कि फर्श निर्माण में न तो लोहे की जाली डाली जा रही है और न ही सरिया का उपयोग किया जा रहा है। मिट्टी और कोपरा के ऊपर सीधे सीमेंट-रेत का मिश्रण डाल दिया गया है। जिससे कुछ ही दिनों में फर्श के दरकने की आशंका जताई जा रही है।




स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि यदि अभी से गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया तो भविष्य में दुकानों की मजबूती प्रभावित होगी।

इस मामले में जब नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई तो स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका। हालांकि सूत्रों का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच कराई जा सकती है।

---

# ग्राम देवरीमढ़िया में चल रही भागवत कथा सुनने पहुंचे काफी श्रद्धालुजन

## पंडित भूपेंद्र ने सूर्य-चंद्र वंश, राम और श्री कृष्ण जन्म प्रसंगों का किया विस्तृत वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

अंचल के देवरी मढिया ग्राम में इन दिनों संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्तिमय वातावरण में कथा का रसास्वादन किया। कथा वाचक पंडित भूपेंद्र ने अपने ओजस्वी वाणी और मधुर शैली से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कथा के दौरान पंडित भूपेंद्र ने श्रीमद् भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने मानव जीवन के कर्म और उसके परिणामों को समझाते हुए नर्कों का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि व्यक्ति को अपने आचरण और कर्मों के प्रति सजग रहना चाहिए, क्योंकि प्रत्येक कर्म का फल निश्चित है। उनके प्रवचन को सुनकर श्रद्धालु आत्मचिंतन के लिए प्रेरित हुए।



उन्होंने सूर्य वंश और चंद्र वंश की उत्पत्ति और उनकी गौरवशाली परंपरा का वर्णन किया। कथा में भगवान श्रीराम के जन्म प्रसंग को अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। जैसे ही राम जन्म का प्रसंग आया, पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठे। इसी क्रम में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा भी बड़े ही आकर्षक और संगीतमय अंदाज में सुनाई गई।

---

## भक्ति और प्रेम का अद्भुत संगम है रुक्मणि विवाह : पं. भार्गव

# भागवत कथा में रुक्मिणी विवाह प्रसंग का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर।

गल्ला मंडी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। राष्ट्रीय कथा व्यास पंडित देवेन्द्र भार्गव महाराज ने रुक्मणि विवाह का भावपूर्ण वर्णन करते हुए भक्तों को भक्ति, प्रेम और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत महापुराण के दशम स्कंध में विस्तार से वर्णित है। यह भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीला का एक प्रमुख भाग है, जो सच्चे प्रेम, भक्ति और अधर्म पर धर्म की विजय को दर्शाता है। विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री रुक्मणि अत्यंत सुंदर, बुद्धिमान और गुणवान थीं। वे साक्षात लक्ष्मी स्वरूपा थीं।

रुक्मणि ने बचपन से ही भगवान श्रीकृष्ण की वीरता, गुण और लीलाओं की कथाएं सुनकर उन्हें मन-ही-मन अपना पति चुन लिया था। वे जानती थीं कि श्रीकृष्ण ही उनके योग्य वर हैं। लेकिन उनके बड़े भाई रुक्मी ने शिशुपाल (चेदि राजा) से उनका विवाह तय कर दिया, क्योंकि रुक्मी को कृष्ण से पुरानी शत्रुता थी और वह शिशुपाल का मित्र था। रुक्मणि का हृदय कृष्ण-प्रेम से भरा था। उन्होंने एक ब्राह्मण के माध्यम से श्रीकृष्ण को पत्र भेजा। उस पत्र में उन्होंने अपनी मनोदशा व्यक्त की और कृष्ण से प्रार्थना की कि वे कुंडिनपुर (विदर्भ की राजधानी) आएं और उन्हें स्वयंवर से पहले ही हर लें, क्योंकि वे शिशुपाल जैसे अधर्मी से विवाह नहीं करना चाहतीं। पत्र में रुक्मणि ने कहा कि यदि कृष्ण उन्हें नहीं लाए तो वे प्राण त्याग देंगी। यह पत्र पढ़कर भगवान श्रीकृष्ण का हृदय पिघल गया। वे तुरंत सारथी दारुक के साथ रथ पर सवार हो कुंडिनपुर पहुंचे। उधर रुक्मणि अम्बिका मंदिर में माता पार्वती की पूजा कर रही थीं। पूजा समाप्त कर वे मंदिर से बाहर निकलीं तो कृष्ण का रथ दिखा। श्रीकृष्ण ने रुक्मणि को रथ पर बिठाया और युद्ध की तैयारी में लगे राजाओं को चुनौती दी।



### श्री कृष्ण रुक्मणि को लेकर द्वारका पहुंचे

युद्ध की तैयारी में लगे शिशुपाल, जरासंध, रुक्मी और अन्य राजा क्रोधित होकर कृष्ण पर टूट पड़े। लेकिन भगवान कृष्ण ने अपनी दिव्य शक्ति से सभी को परास्त किया। रुक्मी को बंदी बनाया गया, लेकिन रुक्मणि की प्रार्थना पर उसे छोड़ दिया। रुक्मी अपमानित होकर भाग गया और कभी कृष्ण से सामना नहीं किया। इसके बाद श्रीकृष्ण रुक्मणि को लेकर द्वारका पहुंचे। वहां विधि-पूर्वक उनका विवाह संपन्न हुआ।

यह विवाह रथ हरण (हरण) के रूप में हुआ, जो स्वयंवर की परंपरा से अलग था, लेकिन रुक्मणि की भक्ति और कृष्ण की कृपा से संभव हुआ। रुक्मणि कृष्ण की प्रियतमा पटरानी बनीं और उनके आठ पुत्र हुए।